प्रेस नोट

जनपद अम्बेडकरनगर

दिनांक 26.04.2026

जनपद अम्बेडकरनगर थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 77/26 धारा 364/302/201/120बी भा0द0वि0 से संबंधित 25,000/- रुपये के 01 नफर ईनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक, जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी टाण्डा के निर्देशन में थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम द्वारा 25,000/- रुपये का 01 नफर ईनामिया अभियुक्त कमल प्रसाद यादव पुत्र ब्रम्हादीन यादव निवासी जजवट, मया बाजार थाना महाराजगंज जनपद अयोध्या को दिनांक 25.04.2026 को समय करीब 20.40 बजे ग्राम थनुवापुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 03.07.2024 को ग्राम करमपुर बरसावा में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पर पुलिस द्वारा पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर शव का अंतिम संस्कार कराया गया था। बाद में थाना कूरेभार, जनपद सुल्तानपुर में दर्ज अपहरण के मुकदमे के आधार पर वादिनी द्वारा उक्त शव की पहचान अपने पति के रूप में की गई, जिसकी पुष्टि डीएनए परीक्षण से हुई। इसके उपरांत मुकदमे में धारा 364/302/201/120बी भा0द0वि0 की बढ़ोत्तरी की गई तथा विवेचना थाना इब्राहिमपुर को स्थानांतरित हुई। पुलिस टीम के अथक प्रयास से अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा० न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्त-

कमल प्रसाद यादव पुत्र ब्रम्हादीन यादव, निवासी जजवट मया बाजार थाना महाराजगंज, जनपद अयोध्या, उम्र लगभग 47 वर्ष।

विवरण पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0स0 77/26 धारा 364,302,201,120B भा0द0वि0 थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर

विवरण गिरफ्तार करने वाली पुलिस बल-

1. थानाध्यक्ष श्री आशुतोष शर्मा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर
2. उ0नि0 श्री राजेन्द्र यादव थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर
3. उ0नि0 श्री बृजेश सिंह थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर
4. हे0 का0 दीपक सिंह थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर
5. का0 कृष्णकान्त ठाकुर थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर